RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

वर्ष-3 अंक-269
बहराइच,मंगलवार
28 अक्टूबर 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## संभावना को समृद्धि में बदलने के लिए सही प्लान और पार्टनर की जरुरत होती है: पीएम मोदी

### पीएम मोदी एवं स्पेन के पीएम ने टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किया

**वडोदरा**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज आज वडोदरा में हैं। सबसे पहले मोदी और सांचेज ने वडोदरा एयरपोर्ट से टाटा के प्लांट तक करीब पौने तीन किमी का रोड शो किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि अब यह पूरा क्षेत्र एविएशन मैन्यूफैक्चरिंग का बड़ा हब बनने जा रहा है। एयरबस असेंबली उद्घाटन के बाद मोदी ने कहा कि हमने नए रास्ते पर चलना तय किया, नए लक्ष्य तय किए। इसका नतीजा हम सबके सामने है। पॉसिबिलिटी (संभावना) को प्रॉस्पैरिटी (समृद्धि) में बदलने के लिए सही प्लान और सही पार्टनरशिप का होना जरूरी है। इस कार्यक्रम में में देश के 1500 उद्योगपतियों को भी आमंत्रित किया गया है। मोदी और सांचेज वडोदरा के शाही लक्ष्मी विलास पैलेस के यूजीन (कुलीन) हॉल में लंच करेंगे। स्पेन के किसी पीएम का यह 18 साल बाद भारत दौरा है। इससे पहले जुलाई 2006 में स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री जोस लुइस ने भारत की यात्रा की थी।



मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की ये पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की पार्टनरशिप को नई दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के प्रोडक्शन की फैक्ट्री का उद्घाटन कर रहे हैं। ये फैक्ट्री भारत-स्पेन संबंध और मेक इन इंडिया को मजबूत करेगी। सी-295 एयरक्राफ्ट बनाने वाली फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाती है। दो साल पहले अक्टूबर में इस फैक्ट्री का निर्माण शुरू हुआ था। आज उसी महीने में यह फैक्ट्री विमान बनाने के लिए तैयार है। हमने अपने लिए नए लक्ष्य तय किए। नए रास्ते पर चलना तय किया। इसका नतीजा हम सबके सामने है। पॉसिबिलिटी को प्रॉस्पैरिटी में बदलने के लिए राइट प्लान और राइट पार्टनरशिप का होना जरूरी है। इसके लिए मैं गुजरात सरकार को मुख्यमंत्री को उनकी आधुनिक औद्योगिक नीतियों की सराहना करता हूं। भारत और स्पेन के बीच कल्चरल कनेक्ट का अपना महत्व है। मुझे याद है, फादर कार्लोस वैलेस यहीं गुजरात में आकर बस गए थे। उन्होंने पचास वर्ष यहां पूरे किए। उन्होंने अपने लेखन से हमारी संस्कृति को समृद्ध किया। वे गुजराती में लिखते थे। हमने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। अब कुछ लोगों के गले यह बात नहीं उतरेगी।

**40 विमानों को होगा निर्माण**

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्सह्ण द्वारा सी-295 विमानों के निर्माण के लिए यह कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। समझौते के तहत वडोदरा के इस परिसर में 40 विमानों का निर्माण किया जाएगा। भारत में इन 40 विमानों के निर्माण की जिम्मेदारी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स को दी गयी है और यह परिसर भारत में सैन्य विमानों के लिए पहली निजी क्षेत्र की अंतिम असेंबली लाइन है। इसमें विमानों के निर्माण से लेकर उनके पुर्जों को जोड़ना और उनका परीक्षण शामिल होगा। साथ ही विमानों के रखरखाव की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। टाटा के अलावा रक्षा क्षेत्र की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां जैसे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत डायनेमिक्स के साथ ही निजी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

## अखनूर में आतंकी हमले के बाद मुठभेड़ जारी

**जम्मू**

जम्मू कश्मीर में आए दिन आतंकी घटनाएं हो रहीं हैं। आतंकी कभी सेना को निशाना बना रहे हैं तो कभी मजदूरों पर गोलियां बरसा रहे हैं। सोमवार को भी आर्मी एंबुलेंस पर तीन आतंकियों ने फायरिंग कर दी। अखनूर में हुई इस घटना के आरोपी वहां से भाग गए। सुरक्षाबलों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल उन्हे घेर लिया और मुठभड़े शुरू हो गई। अखनूर में आतंकी हमले के बाद एनकाउंटर शुरू हो गया है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह 7:26 मिनट पर लाइन ऑफ कंट्रोल के पास आतंकवादियों ने भट्टल इलाके में आर्मी एंबुलेंस पर करीब एक दर्जन गोलियां दागीं।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि केरी के बट्टल इलाके में असन मंदिर के पास ग्रामीणों ने भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना दी थी। जब सेना की एक एम्बुलेंस वहां से गुजर रही थी तो लोगों ने गोलियां चलने की आवाजें सुनी। पुलिस के साथ सेना के जवानों ने गांव और आसपास के इलाकों की घेराबंदी कर दी है और सीमा पार से घुसपैठ करने वाले आतंकियों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हमला करने के बाद आतंकवादी भाग गए, इसके बाद सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाया। सेना और सुरक्षाबलों की टुकड़ी के बीच भट्टल इलाके में एनकाउंटर शुरू हो गया, जो अभी जारी है। मंदिर में मोबाइल ढूंढ रहे थे आतंकवादी अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी आसन मंदिर में एक मोबाइल ढूंढ रहे थे। उन्हें किसी को कॉल करनी थी। इसी दौरान एंबुलेंस गुजरी और आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आतंकवादी पिछली रात बॉर्डर पार करके अखनूर में आए। जम्मू कश्मीर में आतंकी संगठन इन दिनों काफी सक्रिय हुए पड़े हैं, पिछले कुछ दिनों के दौरान राज्य में कई बड़ी आतंकी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वहीं जम्मू कश्मीर के राजौरी इलाके में आज भी कुछ संदिग्धों को देखे जाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि राजौरी शहर में नागेश पुल के पास टंडवाल इलाके में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कपिल सरयाल के घर के पास 3 संदिग्ध देखे गए,

जिसके बाद सुरक्षा बल चौकस हो गया तथा इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। फिलहाल खबर को लेकर यही अपडेट है, जैसे ही कोई अन्य सूचना मिलती है, तो खबर अपडेट कर दी जाएगी।

## बीजेपी अकेले सरकार नहीं बना सकती, बड़ी पार्टी जरुरी बन सकती है

**मुंबई,**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। महायुति और महा विकास अघाड़ी दोनों पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी हैं। इसी बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है।

फडणवीस ने कहा कि बीजेपी राज्य में अकेले सरकार नहीं बना सकती, लेकिन सबसे ज्यादा वोट और सीटें हासिल कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर जरुर उभरेगी। उन्होंने दावा किया कि महायुति गठबंधन को चुनाव में स्पष्ट बढ़त मिलेगी और इस गठबंधन के दम पर ही सरकार बनाएगी।

फडणवीस ने साफ कहा कि बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट), और एनसीपी (अजीत गुट) के साथ मिलकर एक मजबूत महायुति गठबंधन बना है जो चुनाव में निर्णायक बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सफलता तय करने बीजेपी को अपने उम्मीदवारों के चयन में समायोजन करना पड़ा है। फडणवीस ने बताया कि गठबंधन में तालमेल जरूरी है और इसमें कई उम्मीदवारों को टिकट न मिलने पर दुःख होता है, लेकिन यह चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

फडणवीस के बयान साफ हो गया है कि बीजेपी को अकेले चुनावी जीत की बजाय गठबंधन पर भरोसा है। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में बीजेपी ने अब तक 121 उम्मीदवारों की घोषणा की है। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) भी ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषण कर चुके हैं। वहीं महाविकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी (शरद पवार गुट), और कांग्रेस शामिल हैं ने भी ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। एमवीए का कहना है कि इस चुनाव में वह महायुति को कड़ी चुनौती देंगे। महायुति और एमवीए के बीच यह चुनाव एक टक्कर में तब्दील हो रहा है। फडणवीस का बयान बताता है कि बीजेपी राज्य में अकेले चुनाव लड़ने के बजाय महायुति के सहयोग से चुनावी मैदान में उतरना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला महाराष्ट्र के जटिल राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए लिया है। महायुति का लक्ष्य है कि वे बहुमत हासिल कर महाराष्ट्र की सरकार का नेतृत्व कर सकें। महायुति और एमवीए के बीच की कड़ी टक्कर में कौन बाजी मारेगा, यह देखने बड़ा दिलचस्प होगा।

## प्रियंका गांधी ने वायनाड में चुनावी अभियान का किया आगाज और मोदी सरकार पर साधा निशाना

**वायनाड,**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने चुनावी अभियान का आगाज किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने रैली को संबोधित कर कहा कि आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। कुछ दिन पहले मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वायनाड आई थी। मैं रात में अपने होटल जा रही थी, तभी मैंने कुछ लोगों को खड़ा देखा, इसलिए मैं रुक गई और उनसे बात की।

उन्होंने कहा, उनमें से एक शख्स सेना से था। शख्स ने बताया कि वह अपनी नौकरी के लिए पूरे देश में यात्रा कर चुका है। उसकी मां मुझसे मिलना चाहती थी, लेकिन वे उस जगह तक चलकर नहीं आ सकती थी, इसलिए मैंने उससे कहा कि वह मुझे अपने घर ले जाए, ताकि मैं उनसे मिल सकूं। उन्होंने मुझे पहले कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं देखा था, लेकिन जब वह मुझसे मिलीं तब उन्होंने मुझे इस तरह से गले लगाया, जैसे मैं उनकी अपनी बच्ची हूं। उन्होंने मुझे ठीक वैसे ही पकड़ा था जैसे मेरी मां पकड़ती है। मुझे कोई अंतर महसूस नहीं हुआ। उन्होंने भाजपा पर भी हमला कर कहा, आप जानते हैं कि हम किस दौर में जी रहे हैं। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार है, जहां भय, अविश्वास और क्रोध विभिन्न समुदायों के बीच फैला हुआ है। आपने अल्पसंख्यकों पर इसतरह के हमले देख हैं, मणिपुर में क्या हुआ? आपने बार-बार देखा है कि कैसे यह सरकार एकजुट, योजनाबद्ध तरीके से नफरत और गुस्से



को फैलाती है। हरे संविधान के मूल्यों को तोड़ा जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि जनता की भलाई के बजाय पीएम के खास दोस्तों के पक्ष में नीतियां बनने में लगे हुए हैं। हमारे किसानों के लिए कोई दया नहीं है, जो पूरे दिन खेतों में मेहनत करते हैं। आदिवासी लोगों की परंपराओं की कोई समझ और सम्मान नहीं है, क्योंकि उनकी जमीन उनसे छीन ली जाती है और बड़े व्यापारियों को दे दी जाती है।

प्रियंका गांधी ने बीते दिनों आए वायनाड भूस्खलन का जिक्र कर कहा, जब मैं अपने भाई राहुल गांधी के साथ आई तब मैंने देखा कि किस तरह लोगों की मदद की जा रही है। मैंने देखा कि आप में से हर एक ने मदद करने के लिए अपना हाथ बढ़ाया है। चाहे आप किसी भी धर्म या पेशे से जुड़ा हों। आप एक साहसी लोग हैं। आपने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, यह आपके इतिहास में है। उन्होंने कहा कि वायनाड एक खूबसूरत जगह है। यह विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच सद्भाव का समृद्ध इतिहास समेटे हुए है।

## गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति के चेहरों पर मुस्कान वापस लाऊंगा: राहुल गांधी

**नाई की दुकान का सामान खरीदते नजर आए नेता प्रतिपक्ष, अजीत ने जताया आभार**



**नई दिल्ली,**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनका भारत के हर गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति से वादा है कि वह उनके चेहरों पर मुस्कान वापस लाएंगे। उन्होंने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर एक वीडियो साझा किया जिसमें वह नाई की दुकान के लिए जरुरी सामान खरीदते नजर आ रहे हैं जिसके साथ राहुल गांधी ने दिल्ली के उत्तम नगर स्थित उसकी दुकान पर बातचीत की थी।

राहुल ने उन सभी वस्तुओं की व्यवस्था कराई जिसकी जरूरत नाई का काम करने वाले अजीत को थी। वीडियो के साथ अपने पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि मेरा भारत के हर गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति से वादा है कि मैं उनके चेहरों पर मुस्कान वापस लाऊंगा। वीडियो में अजीत ने राहुल गांधी को उसकी दुकान के लिए सभी जरूरी चीजें उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया है। राहुल ने शुक्रवार को कहा था कि घटती आय और बढ़ती महंगाई के कारण मेहनतकश गरीब लोगों के सपने छिन गए हैं और उन्हें नई योजनाओं की जरूरत है, जिससे वे अपनी बचत घर ले जा सकें।

राहुल गांधी ने उत्तम नगर की प्रजापत कॉलोनी में एक नाई की दुकान पर जाने का अपना एक वीडियो ह्यएक्सह्ण पर साझा किया था। क्लिप में वह दाढ़ी बनवाते समय नाइयों की समस्याओं के बारे में पूछते नजर आ रहे थे।

## फजीर्वाड़े में पूजा खेड़कर पिता भी निकले कई गुना आगे, तलाकशुदा या शादीशुदा?

**मुंबई**

पूर्व ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेड़कर के कथित जाति प्रमाण पत्र फजीर्वाड़े के मामले के बाद उनके पिता, दिलीप खेड़कर, अब एक नए विवाद में फंस गए हैं। दिलीप खेड़कर ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अहमदनगर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने खुद को तलाकशुदा बताया है। लेकिन, उनके पूर्व चुनावी हलफनामों में उन्होंने खुद को शादीशुदा बताते हुए पत्नी मनोरमा खेड़कर के साथ संयुक्त संपत्तियों का विवरण दिया था। यह कथन उनकी पारिवारिक स्थिति पर सवाल उठा रहा है।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिलीप और मनोरमा खेड़कर का तलाक जून 2010 में ही हो चुका था। 2009 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक के लिए पुणे की फैमिली कोर्ट में अर्जी दी थी, जिसके बाद एक साल में तलाक मंजूर हुआ। इसके बावजूद, 2019 के लोकसभा चुनाव के हलफनामे में दिलीप ने मनोरमा को अपनी पत्नी बताते हुए संपत्ति विवरण साझा किया और उनके निवास को अनडिवाइडेड हिन्दू फैमिली बताया। इसी के साथ, तलाक के बाद भी दोनों एक ही घर में साथ रहे हैं, जिससे उनकी पारिवारिक स्थिति पर और भी संदेह उत्पन्न होता है।

यह विवाद ऐसे समय पर उठा है जब दिलीप खेड़कर राजनीति में सक्रिय हो रहे हैं, वहीं उनकी बेटी पूजा खेड़कर पर भी गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर यूपीएससी परीक्षा पास करने और आईएएस की ट्रेनिंग प्राप्त करने के आरोप लगे हैं। पूजा पर दिल्ली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इसकी जांच कर रही है। दिलीप खेड़कर के चुनावी हलफनामे में दिए गए वैवाहिक स्थिति के विरोधाभास से लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है।






# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच दिलचस्प मुकाबला

–सुभाष आनंद–

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गतिविधियां चरम पर हैं। इस बार यहां पांच नवम्बर को चुनाव होना है। मुख्य मुकाबला अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच होना है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया लगभग एक वर्ष पूर्व से ही प्रारंभ हो जाती है। अमेरिकन संविधान बहुत सख्त है इस बार अमेरिका में दो मुख्य राजनीतिक पार्टियां मैदान में है। सत्तारूढ़ डैमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस अपना समर्थन बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश कर रही हैं। वह राष्ट्रपति जो बाइडन को साथ लेकर अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाने के लिए जी जान से प्रयत्न कर रही हैं लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप भी इस रोचक मुकाबले में आगे दिखाई देते हैं। फैडरल पार्टी इस स्थिति में नहीं है कि वह किसी भी उम्मीदवार की हार जीत को प्रभावित कर सकें। इन चुनावों में कौन जीतेगा इससे पहले हमें यह जानना होगा कि विश्व के शक्तिशाली देश अमेरिका में राष्ट्रपति के चुने जाने की प्रक्रिया क्या है?

विश्व में अमेरिकी लोग सिद्धांतों के बहुत ही पक्के होते हैं यह चुनाव की प्रक्रिया 1789 से चल रही है। लेकिन अभी तक कोई हेर-फेर नहीं हुआ पूरे संविधान में 31 संशोधन हुए है किसी पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। अमेरिका में राष्ट्रपति प्रणाली है और यह प्रणाली तब से चली आ रही है जब से अमेरिका में संविधान लागू हुआ है। राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है लेकिन वह कभी तानाशाह नहीं बन सकता। अमेरिका में लोकतंत्र प्रणाली बड़े अच्छे ढंग से चल रही है इसी कारण राष्ट्रपति चुनाव में कुछ कम बदलाव देखने को मिले हैं।

चुनाव की तिथि 5 नवम्बर पहले से निर्धारित है इन तारीखों का कभी उल्लंघन नहीं हुआ, बाकी फेर बदल बहुत दूर की बात है। यहां राष्ट्रपति चुनने की प्रक्रिया एक वर्ष पहले शुरू हो जाती है क्योंकि कई स्तरों पर उम्मीदवार का चयन होता है सर्वप्रथम विभिन्न राजनीतिक दल राज्यों में अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं जिन्हें प्राइमरी कहा जाता है हर राज्य के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार तय होते हैं फिर प्रत्येक पार्टी अपना अधिवेशन बुलाती है इसी अधिवेशन में पार्टी अपने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए बॉक्स प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। बॉक्स का अभिप्राय छोटी से छोटी इकाई की मीटिंगें। निचले स्तर पर छोटी-छोटी इकाईयों की मीटिंग होती है जो राष्ट्रपति के नामों पर विचार करती है लेकिन अंतिम निर्णय राष्ट्रपति अधिवेशन में ही होता है। इस बार राष्ट्रपति अधिवेशन में डैमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस और रिपब्लिकन ने ट्रंप पर दांव खेला है।

अमेरिका में 5 नवम्बर को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के जो चुनाव होने हैं वह बाकी देशों से भिन्न हैं। देशभर में 538 निर्वाचक चुने जाते हैं। इसका महत्व राष्ट्रपति चुने जाने तक होता है। इलेक्टोरल कॉलेज का अपने आप में कोई अस्तिव नहीं होता न ही प्रशासन में उनकी कोई खास हिस्सेदारी होती है। आधुनिक चुनाव यद्यपि राष्ट्रपति के नाम पर ही लड़ा जाता है लेकिन चुने जाते हैं निर्वाचक।

ये निर्वाचक अपने-अपने दल के राष्ट्रपति के उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के रूप में वचनबद्ध होते हैं।

कुछ राज्यों में कानूनी कार्रवाई है लेकिन कुछ राज्यों में परम्परा से ही ये निर्वाचक अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए वचन बद्ध होते हैं। ये राज्य स्तर पर चुने जाते हैं और चुने जाने के पश्चात दिसम्बर के दूसरे बुधवार के पश्चात पहले सोमवार को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट डालते हैं और सभी राज्यों से इन मतों को इकट्ठा करके कांग्रेस के दोनों सदनों के सामने खोला जाता है इसके लिए जनवरी की छह तिथि निर्धारित है कुल निर्वाचकों की संख्या 538 है विजय के लिए 270 वोट हासिल करना जरूरी हैं। यदि दोनों उम्मीदवारों को बराबर वोट पड़े तो तब कांग्रेस का निचला सदन अर्थात हाऊस ऑफ रिप्रजेंन्टेटिव फैसला करता है। अध्यक्ष का यह अधिकार होता है कि वह पहले 3 में से एक पर सहमति जताए चूंकि कुछ निर्वाचक कांग्रेस या सरकार के सदस्य भी हो सकते हैं निर्वाचक केवल राजनीतिक कार्यकर्ता होते हैं इसलिए इस काम के बाद उनका राजनीतिक महत्व समाप्त हो जाता है।

इतिहास साक्षी है कि अमेरिका में निर्वाचक लोगों ने पार्टी के साथ कभी दगा नहीं किया अर्थात राष्ट्र सर्वोपरि है 20 जनवरी को राष्ट्रपति अपने पद पर आसीन होता है राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 वर्ष का होता है। राष्ट्रपति के गद्दी पर बैठने से पहले ही यदि किसी कारणवश कोई दुर्घटना हो जाती है या देहांत हो जाता है या राष्ट्रपति किसी तरह अयोग्य ठहराया जाता है तो उपराष्ट्रपति स्वतः ही राष्ट्रपति बन जाता है यदि दोनों के साथ दुर्घटना हो जाती है तो फिर कांग्रेस का अध्यक्ष यह कार्यभार संभालता है लेकिन बीच में चुनाव करवाने का कोई प्रावधान नहीं है। अमेरिका के बड़े संविधान और नियमों को लेकर राष्ट्रपति का चुनाव निष्पक्ष वातावरण में होता है।

अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव को सफल बनाने में मीडिया की बहुत अहम भूमिका मानी जाती है। राष्ट्र अधिवेशन के पश्चात जब यह साफ हो जाता है कि कौन-कौन उम्मीदवार मैदान में है तो देशभर में वाद-विवाद शुरू हो जाते हैं। किसी नेता के पक्ष या विपक्ष में जनमत बनाने में इन चचाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां इस समय वाद-विवाद का सिलसिला शुरू हो चुका है। आरंभ में दोनों पार्टियों की आंखों में चमक देखने को मिल रही है। कमला हैरिस को कम लोग जानते हैं जबकि उसके विपरीत ट्रंप जाने माने राजनीतिक है और वह पहले भी अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं पिछले चुनावों में वह जो बाइडन के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे। मीडिया का चुनावों में बड़ा हाथ होता है। अमेरिका में जनमत संग्रह की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चुनावों से पहले वहां की सर्वेक्षण कम्पनियां और वहां के अखबार मिलकर सर्वे करवाते है। चुनाव वर्ष आरंभ होते ही यह बड़ी-बड़ी कम्पनियां उम्मीदवारों की लोकप्रियता को लेकर सर्वे करना आरंभ कर देती हैं इसी कारण काफी बड़ा जनमत इन सर्वेक्षणों से प्रभावित होता रहता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस समय ट्रंप का पलड़ा भारी महसूस होता दिख रहा है। वह अपनी विरोधी कमला हैरिस पर लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त बनाए हुए हैं उधर भारतीय समुदाय ने भी ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा कर दी है। इस समय राष्ट्रीय चुनावों में विदेश नीति का मुद्दा प्रभावशाली प्रतीत हो रहा है। वैसे अमेरिकन समाज घरेलू मामलों में ज्यादा सक्रिय रहता है।

दुनिया में क्या हो रहा है उसको देखकर अमेरिका सदैव चौकस रहता है लेकिन अपनी राष्ट्रभक्ति के लिए अमेरिकन समाज अग्रणी रहता है। वह चाहते हैं कि हमारा राष्ट्रपति ईमानदार, देशभक्त, सर्वगुण संपन्न हो वह किसी तरह के घोटाले में शामिल न हो। जनमत सर्वेक्षणों में अभी भी ट्रंप का पलड़ा भारी लगता है। यदि ट्रंप जीत जाते हैं तो रिपब्लिकलन पार्टी की बहुत बड़ी जीत होगी और अमेरिका की विदेश नीति में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते मधुर होने की पूर्ण सम्भावनाएं बढ़ जाएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप की तुलना में कमला हैरिस को चुनावी फंडज ज्यादा प्राप्त हो रहे हैं। ज्यों-ज्यों अमेरिकन राष्ट्रपति के चुनावों की तारीख 5 नवम्बर नजदीक आ रही त्यों-त्यों पार्टी उम्मीदवार एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। विश्व की सभी गुप्तचर एजेंसियां भी अमेरिकन राष्ट्रपति के चुनावों को लेकर सक्रिय हो चुकी हैं उनकी पैनी नजरें इन चुनावों पर लेकर लगी हुई हैं।

## लाचार वृद्ध की कीमती जमीन का धोखे से कराया बैनामा

### आर्थिक जरूरत को पूरा करने के लिए जमीन गिरवी रखना चाहता था वृद्ध



नवयुग समाचार संवाददाता

**बिल्हौरः** राजेपुर शादीपुर गांव निवासी किसान परभूलाल की कीमती जमीन का कुछ लोगों ने गिरवी एग्रीमेंट की जगह धोखे से बैनामा करा लिया। जानकारी होने पर वृद्ध ने बेटे के साथ तहसील पहुंच कर अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत की और जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की।

तहसील क्षेत्र के राजेपुर शादीपुर गांव निवासी परभूलाल पुत्र भजनलाल ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि उनकी उम्र 80 वर्ष हो गई है। उम्र कैसे पड़ाव पर उन्हें दिखाई सुनाई भी कम पड़ता है और कुछ न कुछ बीमारी लगी रहती है. उनके पास आए का एक मात्र साधन उनके पास मौजूद कृषि भूमि है। उन्होंने स्थिति को देखते हुए अपनी आर्थिक जरूरत को पूरा करने के लिए अपनी शादीपुर गांव स्थित विभिन्न गाटा संख्याओं में अपने हिस्से की 0.933 हेक्टेयर जमीन को गिरवी रखने के लिए वार्ड नंबर 10 शिवराजपुर निवासी प्रकाश पांडेय पुत्र कृष्ण बिहारी पांडेय से बात की। वह एक परसेंट के ब्याज पर उक्त भूमि को दो लाख रुपए में गिरवी रखने के लिए तैयार हो गए। दोनों पक्षों के बीच हुए सौदे का एग्रीमेंट करने के लिए वह कुछ दिन पूर्व उनके साथ तहसील पहुंच गए। उक्त व्यक्ति ने उनके साथ धोखाधड़ी करते हुए उनकी लगभग एक करोड़ रुपए की वेशकीमती भूमि का गिरवी एग्रीमेंट कराने की जगह 10 लाख रुपए में बिक्री राशि दिखाकर अपने नाम बैनामा करा लिया और उसके खाते में दो लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर शेष आठ लाख रुपए किस्तों में देने का जिक्र कर दिया जबकि वृद्ध किस्त से अब तक मात्र दो लाख रुपए ही प्राप्त हुए। उक्त धोखाधड़ी के विषय में जानकारी होने पर पीड़ित वृद्ध न्याय की आस लेकर किसी तरह तहसील पहुंचा और एसडीएम से उसके साथ धोखाधड़ी कर कराए गए बेनामी को रद्द कराकर अपनी भूमि मुक्त कराने की मांग की। एसडीएम रश्मि लांबा के अनुसार शिकायत मिली है मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।


## दुकान से रुपये चुराने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

**उन्नाव**।पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा दुकान से रुपये चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 26.10.2024 को मुश्ताक पुत्र स्व0 सुल्तान नि0 बड़ी बाजार कस्बा मियागंज थाना आसीवन जनपद उन्नाव द्वारा थाना आसीवन पर तहरीरी सूचना दी गई कि कस्बा मियागंज मे मेरी हार्ड बेयर एवं फर्नीचर की दुकान है। जिस पर दिनांक 20.10.2024 को समय करीब 01.45 बजे दिन दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल से आये, जिनमे से एक व्यक्ति मुझे गुमराह करके दुकान से बाहर रखे सामान के बारे में भाव ताव करने लगा मैने दुकान से बाहर आकर उसे बाहर रखे सामान के बारे में बताया तब तक दूसरे ने मेरी दुकान के अन्दर जाकर मेरी गोलक में रखे मु0 65000/रू चुरा लिये और फिर दोनो बिना कोई सामान लिए दुकान से चले गये।जब मैने गोलक मे रखे पैसे देखे तो उनमे 65000/- रुपए नही थे। मैने अपने लडके जैनुल को आने पर बताया तो फिर मैने व मेरे लड़के जैनुल ने उन मोटर साइकिल वालों को कस्बा मियागंज मे काफी तलाश किया। परन्तु नहीं मिले, फिर उनकी मोटर साइकिल व उनको दुकान के आस पास लगे कैमरो मे चेक किया परन्तु नम्बर स्पष्ट नहीं हो सका। फिर मैने दुकान से काफी दूर लगे सी०सी०टी०वी० में चेक किया तो मोटर साइकिल नं0 वढ 32 खव 0740 स्पष्ट दिखाई दिया। जिसको परिवहन एप पर डालकर चेक कराया तो उक्त मो० साइकिल वाहिद पुत्र रसीद बहुरूपिया नि० शंकरपुर सकरा थाना काकोरी जिला लखनऊ के नाम पंजीकृत है। पूरी जानकारी करने के बाद सूचना देने आया हूँ। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आसीवन पर मु0अ0सं0 316/2024 धारा 305(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 27.10.2024 को उ0नि0 श्याम जी शर्मा मय हमराह फोर्स द्वारा मल्हौली मोड़ से मोहम्मद वाहिद पुत्र मोहम्मद रशीद निवासी शक्करखेड़ा मजरा सकरा थाना काकोरी जनपद लखनऊ को मय मोटर साइकिल नम्बर यू0पी0 32 जे0यू0 0740 व चोरी के 10,200 रु0 बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 20.10.24 को मैने अपने साथी शानू अहमद पुत्र अज्ञात निवासी पाल कालोनी थाना पारा लखनऊ के साथ मिलकर कस्बा मियागंज में एक दुकान से 65000/- रुपये गोलक से चोरी किये थे आज फिर मै हैदराबाद में उसी तरह चोरी करने के लिये जा रहा था कि आप लोगो को देखकर गाडी घुमाते समय पीछे बैठे मेरे साथी कूदकर भाग गये और आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया साहब चोरी किये गये 65000/- रुपये में 32500/- रुपये मेरे हिस्से में आये तो जो मैने खर्च कर लिये है उनमे से 10200/- रुपये बचे है जो मुझसे बरामद हुए हैं । फरार अभियुक्त शानू अहमद पुत्र अज्ञात निवासी पाल कालोनी थाना पारा लखनऊ की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## गैर इरादतन हत्या कारित करने वाले को हरदी पुलिस ने किया गया गिरफ्तार



नवयुग समाचार

**बहराइच,** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान में वाछिंत की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित करके अभियान को सफल बनाने हेतु दिये गये निदेशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी रवि खोखर के निर्देशन में थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुवेर्दी के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 386/24 धारा 105 बी एन एस से सम्बन्धित अभियुक्त बुधराम पुत्र सुकई निवासी ग्राम चमारनपुरवा दा० पूरे सीताराम जनपद बहराइच जो दिनांक 28.10.2024 को हरदी चौराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

**अभियुक्त का नाम पताः-**

1. बुधराम पुत्र सुकई निवासी ग्राम चमारनपुरवा दा० पूरे सीताराम जनपद बहराइच

**पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 अशोक कुमार सिंह
2. हे0का0 पुजारी प्रसाद
3. का0 श्रवण कुमार

## लघु कथा: एक प्याली चाय



ऑफिस से लौटते वक्त अर्णव ने अपने फेवरेट रेस्टोरेंट में जैसे ही कदम रखा, वह अंतिम टेबल पर बैठी अरुणिमा को देख भौचक्का रह गया। अरे, अरुणिमा यहाँ क्या कर रही है? सुना था,इसकी तो पिछले साल ही किसी रईसजादे से शादी हो गयी थी, फिर यहाँ क्या कर रही है... मन ही मन अर्णव बुदबुदाया और कोने वालीं सीट पर जा कर बैठ गया और कॉलेज को दिनों याद करने लगा..

तीन साल पहले उसने और अरुणिमा ने एक साथ दिल्ली कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। वो वॉलीबॉल का अच्छा खिलाड़ी था तो वही अरुणिमा कराटे की चैंपियन थी। हँसमुख स्वभाव, चंचल, चहकती लड़की ने कब उसे अपनी ओर आकर्षित किया और वह कब उसे पसंद करने लगा उसे पता ही नहीं चला , लेकिन अपने मन की बात अरुणिमा से नहीं कर पाया।

अरुणिमा भी उसे पसंद करती थी कि नहीं उसे नहीं पता था...

अर्णव ... की आवाज से उसकी तन्द्रा टूटी तो सामने अरुणिमा बैठी हुई उसे बुला रही थी

₹अर्णव तुम यहाँ कैसे? कैसे हो तुम?₹

₹ हैदराबाद टैक्स असिस्टेंट के पद पर नियुक्त हुआ हूँ ।पर तुम यहाँ कैसे?₹

₹ कुछ नहीं यूँ ही दिल बहलाने की लिये कहीं भी घूमने निकल लेती हूँ ₹- अनबुझे मन से अरुणिमा ने कहा ।

-₹मैंने सुना है कि तुम्हारी शादी हो गयी है?₹

-₹सब किस्मत का खेल है। इन तीन सालों में, मैं बहुत उतार चढ़ाव से गुजरी हूँ। शादी से लेकर तलाक तक सब कुछ हो गया है₹

वेटर ने तब तक दो कप चाय सामने रख दी। वो जानना चाहता था कि अरुणिमा के साथ ऐसा क्या हुआ? कॉलेज मे वह बहुत चुलबुली थी लेकिन अब बिल्कुल शांत लग रही है। हृदय में मानो पीड़ा और संवेदनाएं समेटी हो। उसे आज भी वही प्यार और सहानुभूति थी अरुणिमा से '

₹ इतनी शांत क्यों हो ₹

₹कुछ नहीं एसे हीं₹

₹आगे क्या इरादा हैं₹

₹किस बारे में₹

₹अरे भाई जिंदगी की नई शुरूआत करने में, फिर से शादी करने के बारे₹

₹कौन करेगा मुझसे शादी₹

₹मैं, हूँ न, मैं करूंगा तुमसे शादी, जो बात तुमसे तीन साल पहले नहीं कह पाया वो आज कहता हूँ,, आई लव यू अरुणिमा₹

चाय की चुस्कियों ने शायद तीन साल पुराने प्यार को ताजगी से भर दिया था '

अरुणिमा ने अर्णव का हाथ अपने हाथ में ले लिया, यह उसकी मूक सहमति थी या तीन साल पहले का प्यार का इजहार, यह उन दोनों की तेज धड़कने साफ साफ कह रही थी...

भगवानदास शर्मा 'प्रशांत' शिक्षक सह साहित्यकार

## न्यायाधीश बहराइच द्वारा 02 वर्ष का कठोर कारावास व 2000/- रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

नवयुग समाचार

वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन एवं पुलिस व लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दोषी को मिली सजा ।घटना का संक्षिप्त विवरण - वादी शिवा सिंह की लिखित सूचना के आधार पर वादी के पिता जगतराम सिंह ने करीब 16 बीघा जमीन लक्ष्मी नारायण के नाम बैनामा कराया था, उसी जमीन को दिनांक 14.06.2008 को लक्ष्मी नारायण जोतवाकर वापस चलने लगे कि विपक्षीगण पप्पू सिंह, फुलऊ सिंह, अन्नू सिंह व गीता सिंह लाठी, कौंता, बल्लम, बन्दूक लेकर गाली देते हुए दिनांक 14.06.2008 समय करीब 06.00 बजे घेरकर लक्ष्मी नारायण को जान से मारने की नीयत से मारने लगे जहाँ मौके पर मौजूद प्रार्थी व प्रार्थी के पिता तथा अन्य लोगों द्वारा लक्ष्मी नारायण को बचाने का प्रयास किया गया, जिसपर विपक्षीगण यह कहते हुए भाग गये कि दोबारा खेत पर दिखाई दिये तो जान से मार देंगे जिसके सम्बन्ध में थाना बौण्डी में दिनांक 14.06.2008 को मु.अ.सं. 249/2008 धारा 323, 504, 506, 308 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना तत्कालीन उ0नि0 श्री रामसेवक मिश्र द्वारा की गयी । साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आरोप पत्र दिनांक 25.10.2008 को अन्तर्गत धारा 308, 323, 325, 504, 506 भा.द.सं. दाखिल कर दिनांक 11.02.2011 को माननीय न्यायालय विरचित किया गया ।

दोषसिद्धि का विवरण- श्रीमान्‌ पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त अभियोग में माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री सुनील प्रसाद, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, लोक अभियोजक श्री प्रमोद कुमार सिंह, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 तारक नाथ मिश्रा, प्रभारी थाना मोतीपुर, पैरोकार का0 अभिमन्यु कुमार की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक-28.10.2024 को दोषी अभियुक्तगण 1. पप्पू सिंह, 2. फुलऊ सिंह, 3. अन्नू सिंह व 4. गीता सिंह को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 2000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

**दोषसिद्ध अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-**

1. पप्पू सिंह उर्फ दिनेश सिंह पुत्र रामपाल सिंह
2. फुलऊ सिंह उर्फ फूल सिंह पुत्र रामपाल सिंह
3. अन्नू सिंह पुत्री लाले सिंह
4. गीता सिंह पत्नी पप्पू सिंह

निवासीगण ग्राम शारदा सिंह पुरवा थाना बौण्डी जनपद बहराइच

**सजा का विवरण (प्रत्येक दोषसिद्ध अभियुक्त को)-**

ड्ट धारा 325 भा.द.वि. के अन्तर्गत अपराध में 02 वर्ष का कठोर कारावास व 2000/- रुपये का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में 01 माह का अतिरिक्त कारावास।

ड्ट धारा 323 भा.द.वि. के अन्तर्गत अपराध में 06 माह का कारावास व 500/- रुपये का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में 07 दिवस का अतिरिक्त कारावास ।

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ उतरे सपाई

### एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की, किसान लगा रहे समितियों के चक्कर

सुरजीत कश्यप/नवयुग समाचार

**कानपुरः** बिल्हौर क्षेत्र में खाद की किल्लत से परेशान किसानों की समस्या के समाधान के लिए सपाई आगे आए हैं। शनिवार को क्षेत्रीय सपाइयों ने विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में किसानों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने कहा कि बिल्हौर आलू बाहुल्य क्षेत्र है। इन दिनों किसान आलू की बुवाई के लिए खेतों में लगा हुआ है। समय से खाद न मिलने से एक तरफ जहां फसल की बुवाई लेट हो रही है। वहीं किसानों खाद लेने के क्षेत्र में मौजूद समितियों के कई कई दिन चक्कर लगाने पड़ रहे है। इसके बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समितियों पर मौजूद कर्मचारी खाद की कालाबाजारी करने और अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों को परेशान कर रहे हैं





**एसडीएम से कालाबाजारी रोकने की मांग**

उन्होंने एसडीएम रश्मि लांबा से किसानों को समय से पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और सहकारी समितियों के कर्मचारीयों की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग करते हुए उन्हें जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सपाइयों की मांग पर एसडीएम ने उन्हें आशा करते हुए कहा कि समितियों की निगरानी की जा रही। किस मानक के विपरीत ज्यादा खाद की मांग कर रहे हैं, इसलिए समस्या उत्पन्न हो रही है। शासन से निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर सपा नेत्री रचना सिंह, जिला महासचिव जितेन्द्र कटियार, शौर्य यादव, अंशुमान यादव, मनोज पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# सुरसा बनी महंगाई के बीच धनतेरस पर खरीददारी के लिए कानपुर की बाजारों में भीड़

**सुनील बाजपेई/नवयुग समाचार**

कानपुर। सुरसा की तरह लगातार मुंह फैलाती जाती महंगाई के बीच आज मंगलवार को यहां धनतेरस पर्व पर खरीददारी के लिए बाजारों में सुबह से ही भीड़ उमड़ती दिखाई पड़ी। यह सिलसिला समाचार लिखे जाने तक जारी है। साथ ही धनतेरस पर भीड़ को देखते हुए कई स्थानों पर यातायात परिवर्तन करने के साथ ही पुलिस बल भी तैनात किया गया है। वहीं सराफा, बर्तन, कपड़ा, आतिशबाजी, गणेश-लक्ष्मी बाजार में आज मंगलवार की धनतेरस के लिए बीती देर रात तक दुकानें सजाई जाती रहीं।

आज धनतेरस को देखते हुए शहर की सबसे बड़ी सराफा बाजार बिरहाना रोड में ज्वैलरी की दुकानों में खासी रौनक दिखी। बिरहाना रोड में धनतेरस को देखते हुए आधुनिक हल्की आकर्षक सोने के आभूषण एवं डायमंड ज्वैलरी बनाई गई है। इसी तरह से सीसामऊ के बर्तन बाजार में भी भीड़ रही। बर्तन की कीमतों में पिछले साल की तुलना में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। इस बार बाजार में डिनर सेट, हॉट कोल्ड बर्तन, पूजा के बर्तन के अलावा डिजाइन पीतल के बर्तन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। इसके अलावा डिजाइनर थाली कटोरी, गिलास लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हैं। इस क्रम में धनतेरस को देखते हुए लहंगा साड़ी, रेडीमेड साड़ियां, डिजाइनर साड़ी, प्योर सिल्क साड़ी, कैटलॉग साड़ी, ब्राइडल लहंगे, शेरवानी के अलावा डिजाइनर सूट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। बाजार में 198 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक की साड़ियां लोगों को लुभाती रही। इसी क्रम में पूजन सामग्री के लिए सीसामऊ बाजार में 30 रुपये से लेकर दस हजार रुपये कीमत के लक्ष्मी-गणेश बाजार में उतारे गए हैं। इसके अलावा 30 रुपये के 100 मिंट्टी के सादे दीये से लेकर 500 रुपये में 100 डिजाइन मिंट्टी के दीये दीपक बाजार का खास आकर्षण हैं। साथ ही भगवान के लिए 30 रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की भगवान की माला बिक्री के लिए रखी गई है। वहीं एक्सप्रेस रोड व अन्य जगह खील लइया, गट्टा और खिलौने का थोक एवं फुटकर बाजार सजा दिखाई पड़ा। इस बाजार से करीब एक दर्जन जिलों में खील लइया की सप्लाई होती है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसद कीमत बढ़ी है। आज धनतेरस से पटाखों की बिक्री में भी तेजी आती दिखी। चूंकि धनतेरस में बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है लेकिन धनतेरस पर बर्तन और सोने चांदी के बाद इलेक्ट्रानिक कारोबार सबसे अधिक होता है। यही वजह है कि इलेक्ट्रानिक सामान की दुकानों पर भी कम भीड़ नहीं रही।

# बांगरमऊ में सड़क हादसे में दो की मौतः टायर फटने से पलटा पिकप, पीछे से स्लीपर बस ने मारी टक्कर





**मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार**

उन्नाव। उत्तर प्रदेश जनपद उन्नाव के बेहटा मुजावर में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। गांव जोगीकोट के निकट लकड़ी लदी पिकअप का टायर फटने से वह पलट गई, जिसके बाद पीछे से आ रही स्लीपर बस ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पिकअप चालक और उसके साथ बैठे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।

## पलटी हुई पिकप को तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर

पिकअप चालक शाहरुख लकड़ी लेकर हसनगंज से कन्नौज जा रहा था। करीब 4:20 बजे पिकअप का एक टायर फट गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गई। इसी बीच तेज रफ्तार आ रही बस ने पलटी हुई पिकअप से टकरा गई, जिससे हादसा और भयावह हो गया। इस घटना में पिकअप चालक शाहरुख (गोल कुंवा, थाना दुगार्गंज, लखनऊ) और उसके साथ बैठे लकड़ी ठेकेदार लालता प्रसाद (40 वर्ष, फखरुद्दीन मऊ, हसनगंज, उन्नाव) की जान चली गई। हादसे में लोडर पर बैठे कौशलेंद्र और विनय घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपीडा रेस्क्यू टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम ने घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के समय टक्कर मारने वाली सवारी बस बिहार से दिल्ली जा रही थी, लेकिन उसमें सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए।

# मामूली विवाद में पड़ोसी ने युवक की ईंट से कूचकर कर हत्या

**रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान**



**उन्नाव।** मामूली विवाद में पड़ोसी ने युवक की ईंट से कूचकर कर हत्या कर दी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहरा मच गया। कृष्ण मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

थाना बेटा मुजावर क्षेत्र के गांव तकिया निगोही निवासी मुंशीलाल (45) पुत्र बाबूलाल जो राजमिस्त्री का काम करता था। प्रतिदिन की भांति काम करके रविवार की शाम घर लौट रहा था। तभी रास्ते में ही गांव मैं घर से कुछ दूरी पर पड़ोसी पप्पू, रामू ,श्यामू, विनोद जो शराब के नशे में झगड़ा करने लगे। इसी दौरान पप्पू ने मुंशीलाल के सिर पर ईंट से कई बार हमला कर मरणासन्न कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। पत्नी गुड्डी, बेटा सूरज, सुमित बेटी राधा, रानी का रो रोकर बुरा हाल है। दिवंगत आउवा कुशवाहा के राज मिस्त्री का काम करके घर लौट रहा था।

# दोस्ती नगर व पंचायत क्षेत्र पटरी में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत एक चौपाल का आयोजन किया गया

**नवयुग समाचार संवाददाता**

उन्नावः शासन की मंशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में जनपद उन्नाव मे चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत ग्राम दोस्ती नगर व पंचायत क्षेत्र पटरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। सदर कोतवाली स्टेशन के अंतर्गत दोस्ती नगर चौकी की ग्राम पंचायत दोस्ती नगर व पंचायत क्षेत्र पटरी में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत एक चौपाल का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रमोद कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक मिशन शक्ति संतोष कुमारी, दोस्ती नगर चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय, महिला आरक्षी साइबर क्राइम हेल्पडेस्क सोनिया, महिला आरक्षी मोनिका ने ग्राम पंचायत दोस्ती नगर में एकत्रित हुई महिलाओं को पुलिस विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देने के साथ साइबर अपराध से सचेत रहने, महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराधों से बचाव एवं सोशल मीडिया के प्रयोग मे बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा शासन द्वारा प्रदत्त लाभकारी योजनाएं जैसे उज्ज्वला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक बीमा योजना, निराश्रित योजना की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका के रूप में डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव का भी योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान राधा गौरव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।




# जेलेंस्की ने कहा- पीएम मोदी ही हैं जो शांति स्थापित करा सकते हैं

**कीव**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ जारी युद्ध के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शांति की उम्मीद जताई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी ऐसा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने भारतीय पीएम ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से संपर्क साधने की भी अपील की है। वह चाहते हैं कि मोदी 1000 यूक्रेनी बच्चों को रूस से वापस यूक्रेन लाने में मदद करें। उन्होंने कहा, यह यूक्रेन और यूक्रेन के लोगों के लिए तीसरी मुश्किल सर्दियां हैं। हम चरणबद्ध तरीके से हमारे एनर्जी सिस्टम को मजबूत कर रहे हैं और रूस को हमारे लोगों को मारने नहीं देंगे। उन्होंने रूस में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर भी सवाल उठाए और असफल करार दिया। उन्होंने कहा, पुतिन दुनिया को तथाकथित वेस्ट प्लस और ब्रिक्स प्लस में बांटना चाहते हैं...। यहां तक कि ब्राजील और चीन के प्रस्ताव भी उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं...। यह चीन और ब्राजील के लिए तमाचे की तरह है।

पीएम मोदी के बयान को लेकर कि वह यूक्रेन में शांति लाना चाहते हैं, जेलेंस्की ने अखबार से कहा, मोदी बहुत बड़े देश के पीएम हैं। ऐसा देश सिर्फ ऐसे ही नहीं कह सकता कि हम युद्ध रुकवाने में दिलचस्पी रखते हैं। पीएम मोदी युद्ध के अंत पर असर डाल सकते हैं। रूस की अर्थव्यवस्था को ब्लॉक करा, सस्ते ऊर्जा स्त्रोतों को ब्लॉक करना, रूसके डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लैक्स को ब्लॉ करना हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ने की मॉस्को की क्षमता को कम कर देगा।उन्होंने रूस जबरन डिपोर्ट किए गए यूक्रेन के बच्चों के वापस लाने में पीएम मोदी की मदद मांगी है। अखबार से बातचीत में जेलेंस्की ने कहा, आप यूक्रेन के बच्चों को वापस लाने के लिए पुतिन पर दबाव बना सकते हैं।

# न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**नवयुग समाचार**

बहराइच पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा पूर्व से वांछित चल रहे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये कड़े दिशा निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी रवि खोखर के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 28.10.2024 को विभिन्न मु0अ0सं0 से सम्बन्धित 03 नफर वारण्टी अभियुक्त को थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निदेशो का पालन करते हुये गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु



रवाना किया गया । गिरफ्तारी की सूचना वारण्टी के परिजन को जरिये उचित माध्यम दी गयी।

वारण्टी का नाम व पताः-

1. फुद्दूस पुत्र साविर अली निवासी उम्र करीब 32 वर्ष
2. साविर अली पुत्र नवाब अली

निवासीगण भयापुरवा दा० लौकिहा थाना खैरीघाट बहराइच उम्र करीब 70 वर्ष

3. कृपा उर्फ कृपाराम पुत्र कवरि उर्फ कुंवारे निवासी कोडरी दा० एकघरा थाना खैरीघाट बहराइच

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 राजेश पाण्डेय
2. उ0नि0 राजीव मिश्रा
3. हे0का0 अजय वर्मा
4. हे0का0 सन्तोष चौधरी
5. का0 सनत सिंह

# खेत में बेहोशी की हालत में मिला युवक मौत

**रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान**

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक खेतों की तरफ गया था। जहां पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोंगो ने उसे खेत में बेहोशी की हालत में पड़ा देखा, परिजन को सूचना दी। मौके पर पहुचें परिजनों ने उसे आनन फानन में बांगरमऊ सीएचसी में लेकर पहुचें। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चर्चा है कि कोई जहरीला पदार्थ खाने से उसकी मौत हुई है। हालांकि अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सलारी खेड़ा निवासी कामता (25) का पुत्र रामसनेही शनिवार को घर से खेत पर जाने की बात कहकर



निकल गया। कुछ देर बाद खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने कामता को एक खेत में बेहोशी की हालत में पड़े देखा, मुह से झांक निकल रहा था। परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन खेत पर जा पहुंचे और आनन-फानन उसे बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। युवक की मौत का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। मृतक रामसनेही कुल पांच भाइयों टीकाराम, रूप लाल, छोटू व शिव संत में दूसरे नंबर का था। दो बहनों में एक कि शादी हो चुकी हैं

ग्रामीणों के बीच युवक द्वारा घरेलू कलह के चलते कोई जहरीला पदार्थ निगल लिए जाने की चर्चा होती सुनी जा रही है।

इस मामले में बांगरमऊ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि एक युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएंगी।

# ब्राह्मण समाज महिला संगठन गोरखपुर की बहनों ने दीपावली के अवसर पर वस्त्र, अन्न, कॉपी, पेंसिल और मिष्ठान का किया वितरण

**सुनील पाठक/नवयुग समाचार**

जटाशंकर मंदिर ,धर्मशाला बाजार, गोरखपुर इस दिवाली पर आइए मिलकर मनाए दिवाली,कम ना हो किसी की मुस्कुराहटे। आपका एक छोटा सा उपहार दूसरों के चेहरे पर मुस्कान ला सकता हैःविजय प्रभा मिश्रा (राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ) गोरखपुर , दीपावली पर्व के अवसर पर माता लक्ष्मी की आराधना कर कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ हमारी बहनों ने निर्वाहन किया।जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ब्राह्मण समाज विजय प्रभा मिश्रा ने भगवान परशुराम के माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात हमारे संगठन की माता तुल्य बड़ी दीदी पुष्पा मिश्रा द्वारा सभी बहनों रोली , तिलक, सिंदूर रूपी प्रसाद से वितरण कर सम्मानित किया गया। विजय प्रभा मिश्रा ने बताया कि दीपावली हिंदुओं का प्रसिद्ध त्योहार है। जहां पूरा हिंदू समाज अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए अपने घरों को सजा रहे हैं और सब के परिवारों की खुशियां अपने खुद के बच्चों के लिए खुशियां बटोर रहे हैं। वही हमारी ब्राह्मण समाज महिला संगठन की बहनों ने दीपावली के अवसर पर गरीब बच्चों में फल, मिष्ठान, वस्त्र, पेंसिल, कॉपी एवं पटाखे का वितरण किया। इससे इन



मासूम, अनाथ, निर्धन परिवार के बच्चों के आंखों और चेहरे पर जो खुशी देखने को मिला उसको मैं बयां नहीं कर सकती हूं। यह एक दीपदान वाकई में बहुत अनूठा आयोजन था, जिसको हमारी ब्राह्मण समाज की बहनों ने भाग लिया और मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ अपनी संस्कृति और सनातन की पूजा, अर्चना और मासूम निर्धन बच्चों में दीपावली के पर्व पर एक छोटे से उपहार वितरित करने का और मुझे आज अध्यक्षता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, बड़ा ही सुखद था। आज हमारी बहनों ने यह संकल्प लिया कि समाज और देश के उत्थान के लिए अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करेगी। महिलाओं के स्वालंबन, सशक्तिकरण और रोजगार के लिए सार्थक प्रयास करेंगी।लैंगिक असमानता, छुआछूत दहेज प्रथा,बाल विवाह ,अशिक्षा जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए अपना योगदान देगी। जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ब्राह्मण समाज डॉक्टर रिचा पांडे बताया कि हमारे शाखा की बहनों ने इस व्यस्त भरे समाज में अपने आप को निर्धन बच्चो के चेहरे पर मुस्कान लाने का एक छोटा सा प्रयास किया है,मुझे यह काफी गर्व महसूस हो रहा था कि अपनी बहनों की उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रेरणा स्रोत बड़ी दीदी पुष्पा मिश्रा ने बताया कि हमारी बहनों के सहयोग से हम अपने आवास परिसर में निर्धन बेसहारा बच्चों को निशुल्क प्रतिदिन 2 घंटे की शिक्षा भी उपलब्ध कराते हैं। इसमें बच्चों को किताबें, कॉपी ,पेंसिल, रबर वितरित करते हैं।बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनका शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, भौतिक शिक्षा भी देने का प्रयास करते हैं। बच्चे अपने स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक हो।क्योंकि यही बच्चे भविष्य के युवा हैं,जिनके कंधों पर यह देश निर्भर हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आए हुए सभी बहनों का मैं स्वागत एवं अभिनंदन करती हूं,

# पंच तत्व में विलीन हुआ शिक्षक नेता के के पाण्डेय का पार्थिव शरीर

## हजारों नम आंखों ने शिक्षक नेता को दी अंतिम विदाई

**नवयुग समाचार**



बहराइच उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के दिग्गज नेता कृष्ण कुमार पांडेय जी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया,रविवार को उनके पैतृक आवास झाला तरहर स्थित बाग में उनके छोटे पुत्र मनीष कुमार पाण्डेय ने उन्हें मुखाग्नि दी। स्व0 के के पाण्डेय के अंतिम दर्शन को हजारों की तादात में लोगों का हुजूम जमा रहा,सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक स्वर्गीय के के पांडेय ₹आजाद₹ पयागपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे।शनिवार पूर्वाह्न उन्हें हार्ट अटैक का दौरा पड़ा,परिवारीजन उन्हें लेकर जिला चिकित्सालय बहराइच जा रहे थे कि रास्ते मे ही उनकी हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। स्व पांडेय शिक्षक हितों के लिए बेबाक भाषा और संघर्ष शील व्यक्तित्व के लिए शिक्षको में काफी लोकप्रिय रहे।उनके निधन की सूचना पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह,वीरेंद्र नाथ द्विवेदी,स्टेट पयागपुर राजा जयेन्द्र विक्रम सिंह,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ,महामंत्री विजय कुमार उपाध्याय,देवेंद्र सिंह,मृत्युंजय शुक्ल,श्रावस्ती जिले के शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विनय कुमार पांडेय,दिग्गज ब्राह्मण नेता भगत राम मिश्रा ,वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र पांडेय,छात्र नेता एडवोकेट अनिल त्रिपाठी ,पू0मा0 शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्या विलास पाठक ,महामंत्री प्रवीण श्रीवास्तव ,ब्लॉक प्रमुख समय प्रसाद मिश्र,सहित हजारों लोगों ने स्व पांडेय के आवास पर परिवारजनों को ढाढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

इस आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव ने दी।

# अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी हादसे में उसकी मौत हो गई

**रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान**



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला युवक रायबरेली स्थित अपने ससुराल जा रहा था। इसके दौरान रास्ते में उसकी बाइक में तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच पड़ताल की है।

गांव पाठकपुर निवासी बुद्धिलाल का बेटा रोहित (25) जनपद रायबरेली स्थित राजामऊ पस्तौर अपने ससुराल जाने के लिए घर से बाइक पर सवार होकर निकला था। अभी वह असोहा मार्ग पर ही पहुंचा था कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में पड़ा देख अन्य राहगीरों ने एंबुलेंस को जानकारी दी। उधर रास्ते से गुजर रही स्थानीय थाना पुलिस ने एंबुलेंस उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पत्नी वंदना मौके पर पहुंची। पति को मृत अवस्था में देख रो रो कर बेहाल हो गयी। 2 साल पहले ही रोहित का विवाह हुआ था। 1 साल की बेटी अनन्या है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी है। असोहा थानाध्यक्ष विमल कांत गोयल ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# स्थाई कर्मी कल्याण संघ की बैठक में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई




**हिमांशु सिंह राजपूत/नवयुग समाचार**

दमोहः स्थाई कर्मी कल्याण संघ की बैठक आज वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष श्री संतोष सिंह उर्फ बबलू ठाकुर ने की। बैठक में विशिष्ट आमंत्रित श्री लीलाधर नामदेव, सागर के अध्यक्ष, और दमोह जिला कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। सुरक्षा श्रमिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को रखा। मुख्य मांगें कोर्ट से जीते हुए स्थाई कर्मियों के सातवें वेतनमान की मांग। कोर्ट कंटेंप्ट में स्थाई कर्मियों के जाने पर टॉर्च, जूता, और आइडेंटी कार्ड देने की मांग।वन सुरक्षा श्रमिकों को कलेक्टर रेट देने और वरीयता सूची बनाने की मांग। दस साल से कार्य कर रहे सुरक्षा श्रमिकों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी माना जाए। दीपावली बाद बड़ा आंदोलन करने की योजना।सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित होने के बाद, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र कार्यालय के लिए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गईः अध्यक्षः श्री उमराई लाल विश्वकर्मा सचिवः श्री शंकर सिंह टाइगर रिजर्व अध्यक्षः श्री अमित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत

**मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार**

उन्नाव।कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में हरदोई मार्ग पर आज देर शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक कंटेनर छोड़कर भाग निकला। दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने उन्नाव हरदोई मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर स्थित ग्राम सुल्तानपुर निवासी विनय पुत्र रामचंद्र कस्बा गंजमुरादाबाद में फोटो कापी की दुकान के साथ ही लोक वाणी केंद्र चलाता है।

वह आज रविवार को अपनी दुकान बंदकर बाइक से अपने घर जा रहा था। रास्ते में देर शाम ग्राम सुल्तानपुर के निकट विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कंटेनर सड़क के किनारे खड़ी कर भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिजनों के साथ ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर आ पहुंचे। जहां शव देखते ही परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क पर खड़े होकर मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

## एक नजर

### नशामुक्त कुशमी खुशहाल कुशमी के निर्माण के लक्ष्य को लेकर कुशमी तहसील मुख्यालय में संपन्न हुई मासिक महाआरती





**भुईमाड़।** सीधी जिले के आदिवासी विकासखंड कुशमी जो वनांचल क्षेत्र के नाम से जाना जाता हैं जहां धर्म की अलख जगाने के उद्देश्य से भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकताओं द्वारा जनकल्याण की भावना को लेकर हर माह की भांति इस माह अक्टूबर माह के चौथे रविवार को कुशमी मे मध्यांचल बैंक के ऊपर फ्लोर मे महाआरती का क्रम संपन्न किया हुआ, आपको बता दें यह क्रम माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा एवं धर्मसम्राट युगचेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद व निर्देशन मे आयोजित किया जाता है, भगवती मानव कल्याण संगठन एक धार्मिक संगठन जो कि धर्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा, मानवता के सेवा के लिए सर्मपित संगठन हैं, संगठन के कार्यकर्ता देश भर मे निशुल्क रूप से घर घर जाकर आरती चलीसा पाठ कराते है,यह क्रम नशामुक्त कुशमी खुशहाल कुशमी के निर्माण के लक्ष्य को लेकर महाआरती का क्रम का आयोजन किया गया था, आपको बता दें कि हमेशा से ही भगवती मानव कल्याण संगठन शासन प्रसासन का सहयोगी रहा है एवं जनकल्याण के लिए हमेशा से आगे आता रहा है, आपको बता दें कि कुशमी मे रविवार को महाआरती क्रम आयोजित किया गया था, जिस मौके पर गुरूवर श्री का जयकारा अंचल उपाध्याय जी तो वहीं माता जी का जयकारा अभिमन्यु गुप्ता जी के द्वारा लगवाया गया, यह कार्यक्रम संगीतमय तरीकें के साथ संपन्न हुआ, कार्यक्रम का संचालन संतोष दुबे जी के द्वारा किया गया, भगवती मानव कल्याण संगठन कुशमी तहसील अध्यक्ष प्रेमलाल गुप्ता जी द्वारा चिंतन प्रदान किया गया, इस मौके पर कृष्ण कुमार गुप्ता, छबिलाल कुशवाहा राजू पनिका,बृजेंद्र सिंह, शोभनाथ सिंह,सुंदर लाल,श्रीराम पनिका सहित सैकड़ों की संख्या में माँ के भक्त उपस्थित थे, रामकरण पनिका के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### खाद की कालाबाजारी पर भड़के ग्रामीण




विपिन कुमार यादव/नवयुग समाचार

सफीपुर उन्नाव साधन सहकारी समिति लिमिटेड देवगांव में हो रही डी ए पी खाद की काला बाजारी से परेशान किसानों ने ग्राम प्रधान के साथ गोदाम पर पहुंच कार्यवाही की मांग उठाई है।

लल्लन चौरसिया को किसी पद पर नियुक्त किया गया लेकिन किसी को इस संबंध में जानकारी नहीं है कि लल्लन चौरसिया को किस पद पर नियुक्त किया गया है जबकि वर्तमान समय में काम देखने वाले राजेंद्र 3 वर्ष पूर्व सेवा निवृत्त हो चुके हैं जबकि देवगांव समिति में 20 गांव आते हैं।

खाद की काला बाजारी से परेशान होकर देवगांव के ग्राम प्रधान शालिनी गौड़ व उनके पति एडवोकेट अभिनव गौड़ ने तमाम किसानों के साथ साधन सहकारी समिति देवगांव के गोदाम पर पहुंच ताला बंदी कर खाद की काला बाजारी पर रोक लगाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### करियर मेले में विद्यार्थियों को दिए तैयारियों के लिए टिप्स

#### राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्राओं को किया सम्मानित



सरीला,हमीरपुर।क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल झबरा चंडौत में सोमवार को कैरियर गाईड मेले का आयोजन किया गया। कैरियर मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकीय हाईस्कूल जरिया के प्रधानाचार्य जेपी यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को भविष्य की शिक्षा एवं जेईई मेन, आईआईटी एडवांस व नीट समेत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग में रुचि रखने वाले छात्रों को आरक्षी रिझुल शर्मा ने सम्पूर्ण जानकारी दी साथ ही महिला आरक्षी सरिता तिवारी ने छात्राओं को मिशन शक्ति का पाठ पढ़ाया और उनके बेहतर भविष्य के लिए टिप्स दिए। कार्यक्रम में चिकित्सा, स्वास्थ्य, सिविल सेवा, बैंक,रेलवे, फोर्स की सेवाओं की तैयारी के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य मेहर कुमार ने छात्र छात्राओं को एकाग्रचित होकर अपने समय एवं धन का सही उपयोग कर सपनों को ऊंची उड़ान देकर सही कैरियर का चुनाव कर अपने परिवार, विद्यालय एवं देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता अयोध्या में प्रतिभाग करने वाली विद्यालय की छात्रा हर्षिता और मोहिनी को शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर असिस्टेंट बैंक मैनेजर मनोरंजन कुमार, उप निरीक्षक दिनेश कुमार, शिक्षक संदीप कुमार, ब्रजेश, बालेन्द्र, अनिल कुमार, बच्चू निगम, महेश यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# शिवराजपुर पुलिस ने तीन दिन के अंदर लूट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

शिवकुमार/नवयुग समाचार




शिवराजपुरः शुक्रवार की रात कानपुर से शिवराजपुर टेंपो से आ रहे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र अनुज कुमार उर्फ बंशी के साथ रास्ते में अपने साथ उसी टेंपो में बैठे तीन बदमाशो ने मार पीट कर लूट लिया था वारदात को अंजाम देने के बाद जीटी रोड बहरमापुर गांव के सामने बेहोशी की हालत में छोड़ कर भाग गए थे राहगीरों ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया था होश में आने पर उसने घटना की सूचना परिजनों को दी थी कस्बे के चंद्रशेखर आजाद नगर मोहल्ला निवासी विनोद तिवारी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष है उनका पुत्र अनुज कुमार तिवारी फतेहपुर के बंधक बैंक के कर्मचारी है अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस को तहरीर में कहा की शुक्रवार की देर शाम वह कानपुर के रावतपुर से टेंपो में बैठकर शिवराजपुर आ रहे थे। चौबेपुर बेला रोड क्रासिंग पर एक सवारी टेंपो से उतर गई। इसके बाद टेंपो में सवार तीन बदमाशो ने लूट पाट सूरी कर दी। विरोध करने पर मारपीट सुरू कर दी और मेरा बैग छिन लिया। बैग में पांच हजार रुपए नगद मोबाइल फोन बैंक के कागजात सहित कई अन्य अभिलेख थे। हमलावरों की पिटाई से सिर में चोट आने से वह बेहोश गए। उसके बाद थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसौदिया ने तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू की जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालने सुरु किए। उसके बाद पुलिस ने काफी मस्कत के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और केस का खुलासा किया सोमवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए इन आरोपियों के पास एक मोबाइल व एक हजार रुपए बरामद कर खुलासा कर दिया उच्च अधिकारियों के निर्देश थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिसौदिया ने खुलासा किया का प्रथम लूट के आरोपी चौबेपुर थाना क्षेत्र के बुढ़नपुर गांव निवासी सुमित है दूसरा आरोपी कल्याणपुर व आ स्थाई पता ग्राम भऊआपुरवा शिवली कानपुर देहात निवासी है और तीसरा युवक गुढ़ाहा मंधना निवासी आशीष उर्फ लालू आस्थाई पता ग्राम धर्मशाला ये तीनो इससे पहले भी कई चोरी की वारदातो को अंजाम दे चुके है थाना अरौल घटना के खुलासा में उप0नि0 राजेश कुमार, शिवकुमार, लोकेश सोलंकी, सिपाही अभय सिंह, अफरोज खान मौजूद रहे

# मौदहा में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या से दहशत

## पुलिस के आला अधिकारी मौके पर, गांव बना छावनी



मौदहा। हमीरपुर।आज मौदहा कोतवाली के गांव बिहरका में सोमवार को दिनदहाड़े युवक की हत्या से हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मौके की नजाकत को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार गांव बिहरका निवासी विक्रम सिंह 43 सोमवार को दोपहर बाद अपने खेतों की जुताई करके वापस लौटा था तभी पड़ोसी लवकुश सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह से किसी बात पर विवाद शुरू हो गया। इसी बीच लवकुश सिंह अपने घर में लाइसेंस बंदूक लेकर आ गया और गाली-गलौच करते हुए ललकारने लगा और हवाई फायरिंग भी शुरू कर दी। इसके बावजूद विक्रम सिंह सामने से नहीं हटा तो लवकुश सिंह ने उसके सीने में फायर झोंक दिया। गोली लगते ही विक्रम सिंह अपने घर के बरामदे में गिर गया और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई है। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। घटना सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ,सीओ विनीता पहल सहित कई थानों की पुलिस दल बल और फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे हैं। और जांच पड़ताल व साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि पुलिस ने हत्यारोपी लवकुश सिंह को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन इस गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की ओर से कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया गया है कि मृतक की दो शादियां हुई थीं जिसमें पहली पत्नी की मृत्यु हो गई थी। दोनों पत्नियों से पांच पुत्र व एक पुत्री है। घटना से गांव में सन्नाटा पसरा है और मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

# युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी, हुई मौत



**राठ,हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 26 वर्षीय एक युवक ने अपने मकान के कुछ दूरी पर स्थित अपने खेत में लगे नीम के पेड़ पर तौलिया से फांसी लगा कर की आत्महत्या कर ली। पिता ने गांव के ही दंबांगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने दिया कार्यवाही का आश्वासन।

जानकारी के अनुसार कुम्हरिया गांव के निवासी 26 वर्षीय चरन सिंह पुत्र श्याम बिहारी ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने मकान के कुछ दूरी पर स्थित अपने खेत में लगे नीम के पेड़ पर तौलिया के फंदे से फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। वहीं मृतक के पिता श्यामबिहारी ने बताया कि गांव के ही तीन दबंग युवकों ने उसके पुत्र चरन सिंह को जबरन जुआ जुआ खेलने के लिए प्रेरित करते हुए उसे जुआ खिलवाया था। बताया कि जुए के फड़ में उक्त दबंगों ने उसके पुत्र को 10 हजार रुपये का कर्ज भी दिया था। बताया कि जब उसका पुत्र जुए में रुपये हार गया तो उक्त दबंगों ने उसके पुत्र से दिये हुए 10 हजार रुपये के बदले 25 हजार रुपये भी वसूल लिये। आरोप लगाते हुए कहा कि एक दिन पूर्व उक्त दबंगों ने उसके पुत्र के साथ जमकर मारपीट करते हुए उसके पुत्र चरन सिंह का मोबाइल भी छीन लिया था। बताया के दबंग के द्वारा की गई मारपीट और प्रताड़ना से परेशान होकर उसके पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित था। जो कि अपने पिता की 9 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी और पशुपालन के कार्यों में सहयोग कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# उद्योग व व्यापार बंधुओं के साथ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न





**हमीरपुर।** व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि नगर क्षेत्र/बाजार में अन्ना पशुओं के घूमने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है इसलिए अभियान चलाकर नगर क्षेत्र में घूमने वाले अन्ना पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। कहीं पर भी नगर/ बाजार में अन्ना पशु घूमते हुए नहीं पाए जाने चाहिए। बाजारों में नियमित रूप से प्राथमिकता के साथ नाली आदि की सफाई, सिल्ट सफाई व सिल्ट का उठान होना चाहिए । जल भराव वाले स्थान पर प्राथमिकता के साथ सफाई अभियान चलाया जाए तथा वहां पर एंटी लारवा व पायरेथ्रम का छिड़काव तथा फागिंग किया जाए ताकि डेंगू जैसे संक्रामक रोग न फैल सके । कहा कि जनपद में प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग किसी भी दशा में ना हो इस पर उद्गम स्थल पर ही प्रवर्तनीय करवाई किया जाए । विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाकर विद्युत से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाए। रोडवेज बस स्टैंड में जाम आदि न लगे इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी नगर क्षेत्र में एसडीएम ,ईओ व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान किया जाए

उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण देने में टालमटोल ना किया जाए ,न ही अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन निरस्त किए जाए। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं, इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए।

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा सरकार समर्थित योजना के अंतर्गत ऋण वितरण संबंधी कार्य में अत्यधिक देरी करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रकरण की सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति को जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, जीएमडीआईसी रवि वर्मा , मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सहायक आयुक्त वाणिज्य कर अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी , व्यापार मंडल के पदाधिकारी व उद्योग बन्धु के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कृषि विभाग द्वारा रवी गोष्ठी का हुआ आयोजन



**हमीरपुर।** विकासखंड मुस्करा में कृषि विभाग द्वारा रवी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को अब जैविक खेती पुरानी परंपरा अनुसार करनी होगी। रासायनिक खेती से अत्यधिक बीमारियां कैंसर आदि पैदा हो रही है। विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी ने भी किसानों को सरकार द्वारा मिल रही योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी में उपस्थित प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हर स्वरूप व्यास ने किसानो की गंभीर समस्याओं जैसे चकरोड में कब्जा अतिक्रमण के साथ गो पालन पर प्रकाश डाला एवं जैविक खेती की तकनीक पर जानकारी दी। बलराम सिंह किसान नेता ने भी किसानों से शराब न पीने जुंआ ना खेलने एवं गुटखा ना खाने की अपील की। कृषि विभाग की ओर से भोम प्रकाश एवं सुनील सिंह आदि ने सरकार द्वारा मिल रहे बीज एवं खाद की जानकारी दी गई गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि करण सिंह ददू मौजूद रहे संचालन किसान नेता धर्मपाल सिंह राजपूत ने किया

कुछ किसानों को निशुल्क लाही के पैकेट वितरित किए गए। अधिकांश किसान यह कहते सुने गए कि चकरोडो में अतिक्रमण की गंभीर समस्या है एक योजना बनाकर सारे चकरोड नपवाये जाएं तथा उन्हें पक्का बनवाया जाए।

### ट्रैक्टर असंतुलित होकर खाई में पलटा किसान की मौत,साथी घायल



**मुस्करा,हमीरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक अमित कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिलगांव गांव के निवासी अमित कुमार खेत में जुताई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर निकला था। नहर के पास ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। वह गहरी खाई में पलट गया। हादसे में अमित ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ में सवार हरगोविंद गंभीर घायल हो गया।

मृतक अमित के चाचा दिलीप कुमार ने बताया कि अमित खेत की जुताई के लिए निकला था। लेकिन ट्रैक्टर पलटने से वह दब गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कर्ज से परेशान किसान फांसी पर झूला हुई मौत



**सुमेरपुर,** हमीरपुर।क्षेत्र के ग्राम टेंढा में कर्ज से तंग आकर एक किसान ने गले में फाँसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टेंढा निवासी किसान चुनूवाद 48 वर्ष पुत्र रामसजीवन के पास कुल 3 बीघा जमीन है। ग्रीन कार्ड से 1 लाख रूपया तथा साहूकारों का कर्ज था । कर्ज न अदा कर पाने से वह परेशान रहता था फसल भी साथ नही दे रही थी जिससे वह कर्ज अदा कर सके। रविवार की रात्रि को अपने आवास में कमरे का दरवाजा बंद करके गले में फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो पत्नी परेशान हुई उसने दरवाजे के नीचे से जब देखा तो पति फांसी पर झूल रहा था। खबर पाकर पड़ोसी भी मौके पर आ गये और दरवाजा तोड़कर मृत किसान को नीचे उतारा गया। घटना की सूचना सुमेरपुर पुलिस को दी गयी खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । मृतक किसान के दो पुत्र थे बड़े पुत्र का नाम घसीरा 23 वर्ष तथा छोटा पुत्र सत्यम 13 वर्ष का है। बताया गया कि किसान के दोनो पुत्र अंधे है। पिता की मौत से सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंदलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इजहार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।